संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक
# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 17 | मेरठ, मंगलवार, 18 अगस्त 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया

## 2017 के पहले सपाई हड़प लेते थे गरीबों का राशन कार्ड, अब 15 करोड़ लोगों को निरंतर नि:शुल्क मिल रहा राशन: योगी

» एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी राशन वितरण के उचित दर विक्रेताओं से अपील की कि वह कार्य करिए, जिसमें सम्मान हो। जिसमें सम्मान न हो, वह कार्य कभी नहीं करना चाहिए। इससे पीढ़ियां खराब होती हैं, उन पर दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने 2017 के बाद आए बदलाव का जिक्र किया और कहा कि अब कोई आप पर अंगुली नहीं उठा सकता। 2017 के पहले सपाई गरीब का राशन कार्ड अपने घर में रख लेता था, जिससे वह भूख से मरता था परंतु अब ऐसी स्थिति नहीं है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जरिए प्रदेश के 15 करोड़ लोगों को लगातार निःशुल्क राशन मिल रहा है। निराश्रितों/दिव्यांगों का राशन घर तक पहुंचाने की व्यवस्था हो रही है। 2 करोड़ परिवारों को फ्री में रसोई गैस के कनेक्शन, 1.53 करोड़ परिवारों को फ्री में बिजली



कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। राशन की 10 हजार दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में स्थापित किया गया है। यह परिणाम राज्य की उन्नति को बताते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावण मास के तीसरे सोमवार की शुभकामना दी और राशन कोटेदारों की आस पूरी करते हुए सोमवार को लोकभवन में सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का शुभारंभ किया। सीएम ने बटन दबाकर उत्तर प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में हुई वृद्धि (90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल) का उपहार दिया। सीएम ने कहा कि मार्जिन मनी में 35 रुपये की वृद्धि (10 रुपये केंद्र सरकार व 25 रुपये राज्य सरकार) से आपने लंबी छलांग लगाई है। हमने 25 रुपये और बढ़ाने के लिए भारत सरकार को पत्र लिखा है। समय लगेगा, लेकिन यह कार्य हो गया तो आपके लिए और भी अच्छी व्यवस्था होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति काम करके आजीविका चलाता है, लेकिन उचित मूल्य विक्रेता निराश्रित, गरीब, दिव्यांगजन समेत समाज के अन्य जरूरतमंदों के हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें शासन की योजना से जोड़ रहे हैं। उचित मूल्य विक्रेता से जुड़े फेयरप्राइस शॉप के संचालक दुनिया की सबसे बड़ी योजना (राशन वितरण) के जरिए शासन व जनता के बीच सेतु का काम करते हैं।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 से पहले उचित दर मूल्य के विक्रेताओं का दर्द बयां किया। कहा कि आप तब भी मेहनत करते थे लेकिन शासन राशन नहीं भेजता था तो गाली आपको खानी पड़ती थी। उनकी लूट का खामियाजा आपको भुगतना पड़ता था। लोग शक की निगाहों से देखते थे। कोटेदार शब्द से ही लोगों को चिढ़ सी होने लग गई थी। गलती आपकी नहीं थी।

पाप कोई करता था, भुक्तभोगी कोई और होता था। उस समय सत्तासीन लोगों की नीयत में खोट था। उनके भ्रष्ट आचरण की आंच से चाहकर भी आप स्वयं को बचा नहीं सकते थे, जिससे उस समय यूपी की 20-22 करोड़ की आबादी शक की निगाहों से देखी जाती थी। नौजवान, व्यापारी, बेटियां समेत आमजन अन्य प्रदेश में जाते थे तो कोई सम्मान नहीं करता था। 2017 के पहले जो लोग यूपी से दूरी बनाते थे, पिछले साढ़े 9 वर्ष के भीतर वही लोग अब यूपीवालों को गले लगाते हैं। उत्तर प्रदेश के बारे में ओवरऑल धारणा बदली है। यह परिवर्तन डबल इंजन सरकार की ताकत है, जिसे पीएम मोदी जी के नेतृत्व/मार्गदर्शन में प्रदेश ने सामूहिक रूप से अर्जित किया है।

### शहजाद पूनावाला ने भाजपा के सभी पद छोड़ने का किया ऐलान

» एजेंसी। नई दिल्ली

शहजाद पूनावाला ने राष्ट्रीय प्रवक्ता सहित भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को अपना इस्तीफा भेज दिया है। शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी है। शहजाद पूनावाला ने इस्तीफा पत्र साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, बेहद विनम्रता, स्नेह और आभार के साथ मैंने एक बार फिर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को अपना इस्तीफा सौंपा है और अनुरोध किया है कि इसे स्वीकार किया जाए। मैं उस मार्गदर्शन, प्यार, सम्मान और मंच के लिए हमेशा आभारी रहूंगा जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह, संगठन महामंत्री बीएल संतोष, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और हमारे सभी वरिष्ठ नेताओं व पूरे संघ परिवार ने मुझे दिया और मुझ पर भरोसा जताया।

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 12वें दिन भी जारी

### सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप

» एजेंसी। गुरुग्राम

हरियाणा सरकार द्वारा मानी गई मांगों के संबंध में आदेश जारी नहीं किए जाने के विरोध में नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा और हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की राज्यव्यापी हड़ताल 12वें दिन भी जारी रही। हड़ताली कर्मचारियों ने पुराने नगर निगम कार्यालय पर एकत्र होकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को जल्द लागू करने की मांग की। हड़ताल की अध्यक्षता इकाई के वरिष्ठ उपप्रधान सम्मी बोहत और फायर विभाग के उपप्रधान जोगिंदर ने की। संचालन इकाई सचिव धर्मेंद्र और कैशियर



भारत कांगड़ा ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान बसंत कुमार और पूर्व जिला प्रधान राजेश कुमार ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार सफाई और सीवर कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्षों से नियमित भर्ती नहीं होने के कारण कर्मचारियों को ठेके और कम वेतन पर काम करना पड़ रहा है। हड़ताली कर्मचारी पुराने नगर निगम कार्यालय से अग्रसेन चौक, शमा चौक और सेशन हाउस चौक होते हुए नगर निगम मेयर राजरानी मल्होत्रा के आवास पर पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे बरसात और गर्मी के मौसम में बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने इसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कर्मचारी नेताओं के अनुसार, 13 मई को सरकार और यूनियनों के बीच हुए समझौते में सफाईकर्मियों, सीवर कर्मचारियों, माली, बेलदार, इलेक्ट्रिशियन, हेल्पर, क्लर्क तथा फायर विभाग के ड्राइवर और फायरमैन को 30 जून तक पक्का करने सहित 17 मांगों पर सहमति बनी थी। इनमें सफाई एवं सीवर कार्य का ठेका समाप्त करना, ठेका कर्मचारियों को विभाग के रोल पर लेना, न्यूनतम 15,200 रुपये वेतन और श्रम कानूनों के लाभ देना, नियमित भर्ती, एक्स-ग्रेशिया नीति में संशोधन, चिकित्सा सुविधा तथा जोखिम भत्ता जैसी मांगें शामिल हैं। फायर विभाग के उपप्रधान जोगिंदर और बसंत कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार बार-बार यूनियन नेताओं को बैठक के लिए बुलाकर आश्वासन देती रही, लेकिन सहमत मांगों के संबंध में आदेश जारी नहीं किए गए। प्रेस सचिव सुनील कुमार सहित अन्य नेताओं ने भी सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार मानी गई मांगों को लागू करने के आदेश जारी नहीं करती है तो हड़ताल को अनिश्चितकालीन किया जाएगा।

## रेखा गुप्ता ने कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान' का किया शुभारंभ

» एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और कूड़ा-मुक्त बनाने के संकल्प को जन-अभियान का स्वरूप देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय स्थित केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में 'दिल्ली को कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान 2026' का शुभारंभ किया। यह विशेष स्वच्छता अभियान पूरी राजधानी में 2 अक्टूबर 2026 तक चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य राजधानी में स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करना, कूड़े के वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा देना, सार्वजनिक स्थलों की सफाई सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान से संबंधित




ब्रोशर का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, मुख्य सचेतक एवं विधायक अभय वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' का संकल्प केवल सफाई व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों की सोच और व्यवहार में स्वच्छता को शामिल करने का अभियान है। उन्होंने महात्मा गांधी जी द्वारा स्वच्छता को स्वतंत्रता के आंदोलन से जोड़ने का उल्लेख करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद अपने पहले स्वतंत्रता दिवस संबोधन में स्वच्छता को राष्ट्रीय आंदोलन बनाने का आह्वान किया था। उस समय आलोचनाओं के बावजूद स्वच्छता अभियान ने देशभर में जनआंदोलन का रूप लिया और करोड़ों परिवारों को सम्मानजनक शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने नगर निगम को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया है।

## आतंकी गुट शहजाद भट्टी नेटवर्क का खात्मा, 200 से अधिक दहशतगर्द गिरफ्तार : शाह

» एजेंसी। नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस से पहले आईएसआई समर्थित शाहजाद भट्टी नेटवर्क के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी बहु-राज्यीय कार्रवाई कर इस आतंकी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सीमा-पार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 14 राज्यों में 253 लोग हिरासत में लिए गए हैं और नेटवर्क के खिलाफ 80 से अधिक एफआईआर और 200 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, रमोदी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस से पहले आईएसआई समर्थित आतंकी समूह 'शहजाद भट्टी नेटवर्क' को खत्म कर दिया और संगठन के 200 से ज्यादा सदस्यों को गिरफ्तार कर उसके खतरनाक हमलों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। भारतीय सुरक्षा बलों ने 14 राज्यों में अलग-अलग जगह पर एक साथ ऑपरेशन चलाकर इस नेटवर्क को ध्वस्त किया, जो आतंकवाद के प्रति भारत की 'जीरो-टॉलरेंस' नीति का एक बेहतरीन उदाहरण है। अमित शाह ने कहा, आईएसआई से फंड पाने वाले इस गुट के पास से भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया, जिसमें आईडी, पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के निशान वाले ग्रेनेड, पिस्तौल, कारतूस और जासूसी के लिए इस्तेमाल होने वाले सीसीटीवी कैमरे शामिल थे।

# सम्पादकीय

## डिजिटल मीडिया, उ.प्र. व युवा प्राथमिकता बने

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नये बदलाव के जरिये एक तीर से कई निशाने साधे गए हैं। कार्यकारिणी में उ.प्र. के पदाधिकारियों का दबदबा, अपेक्षाकृत युवाओं को तरजीह तथा आईटी सेल के शीर्ष पद में बदलाव बताता है, ये परिवर्तन समय की जरूरत है। कहीं न कहीं जेन-जी आंदोलन के बाद पार्टी ने बदलाव की आकांक्षी नई पीढ़ी से जुड़ने का मन बनाया है। छात्र आंदोलन में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका को महसूस करते हुए एक दशक के बाद भाजपा के आईटी हेड अमित मालवीय की विदाई हुई है और दीपक म्हस्के की एंट्री हुई है। कैमिस्ट्री के प्रोफेसर रहे म्हस्के चुनावी आंकड़ों और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संबंधित डेटा विश्लेषण अभियान से जुड़े रहे हैं। छत्तीसगढ़ आईटी सेल के समन्वयक रहे म्हस्के सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने और विभिन्न क्षेत्रों में व्हाट्सऐप समूहों का नेटवर्क तैयार करने के लिये पहचान रखते हैं। दरअसल, पार्टी वार-प्रतिवार के दौर से आगे निकलकर क्षेत्र, आयु समूह व मुद्दों के जरिये जनता का मूड भांपने का प्रयास करेगी। निस्संदेह, यह निर्णय राजनीति में सोशल मीडिया की बदलती भूमिका को भी दर्शाता है। पार्टी ने महसूस किया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म अब सिर्फ प्रचार का जरिया ही नहीं रहा, बल्कि राजनीतिक असंतोष से मुकाबले तथा आम लोगों से जुड़ने का भी माध्यम बना है। पार्टी ने यह भी महसूस किया कि हालिया छात्र आंदोलन में छोटे वीडियो, व्यंग्य, राजनीतिक मीम व वायरल सामग्री की लोगों को जोड़ने में बड़ी भूमिका रही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उ.प्र. में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उ.प्र. का दबदबा नजर आता है। जिन आठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, उनमें राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में स्मृति ईरानी की वापसी सुर्खियों में है। साथ ही राजनीतिक समीकरण साधने के लिये ओबीसी से लेकर अल्पसंख्यक चेहरे कार्यकारिणी में उ.प्र. से शामिल किए गए है। कह सकते हैं राजनीति के साथ ही सामाजिक समीकरण भी साधने की कोशिश हुई है। बहरहाल, नितिन नबीन की नई कार्यकारिणी में महामंत्री के रूप में स्मृति ईरानी की वापसी ने खासी सुर्खियां बटोरी हैं क्योंकि अमेठी से चुनाव हारने के बाद उन्हें हाशिये पर माना जा रहा था। एक समय राहुल गांधी को हराकर अमेठी से सांसद और मंत्री बनने के बाद वे लगातार सुर्खियों में रही थीं। वहीं कुर्मी समाज से आने वाली रेखा वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं दलित समुदाय से आने वाले बुलंदशहर के सांसद डॉ.भोला सिंह राष्ट्रीय सचिव, प्रभावी यादव समाज से आने वाली आजमगढ़ की संगीता यादव के जरिये आगामी विधानसभा चुनाव में सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश हुई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बड़ौत तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस किया आयोजित

» संवाददाता



बागपत। आज जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस बड़ौत का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी ने जन सामान्य की शिकायत सुनी जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों की जो शिकायतें प्राप्त हो रही हैं ऐसी शिकायतों का और ऐसे शिकायतकर्ता की शिकायत को गंभीरता के साथ निस्तारित करें समय अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए आज बड़ौत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 40शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 5शिकायतों का निस्तारण किया गया। जबकि बागपत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमे11 शिकायतें प्राप्त हुई मौके पर 3 का निस्तारण किया गया। खेकड़ा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें 6 शिकायत प्राप्त हुई मौके पर 1 का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की सरकार द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक अवश्य मिलना चाहिए उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पात्र को किस तरीके से योजना का लाभ लेना है उसके संबंध में भी उन्हें जानकारी दें उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री फैमिली आईडी ,सीएम युवा उद्यमी योजनाओं पर अधिक फोकस देते हुए कहा कि इन पर विशेष अभियान चलाया जाए और जो तहसील दिवस में आज शिकायतें प्राप्त हुई है संबंधित अधिकारी एक सप्ताह के अंदर इनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अवश्य करें जिलाधिकारी ने कहा आईजीआरएस संदर्भ में सभी अधिकारी जो भी कार्यालय आते हैं सबसे पहले आईजीआरएस बोर्ड अवश्य देखें और जो शिकायत प्राप्त हुई है उसका समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें

जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में निर्माणधीन एसडीएम कार्यालय का का निरीक्षण किया और कहा कि कार्य को गुणवत्ता के साथ समय अंतर्गत पूर्ण किया जाए बैठने के लिए एक पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए एसडीएम का कार्यालय व्यवस्थित तरीके से बना हो।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल, उप जिलाधिकारी बालकृष्ण सिंह, तहसीलदार श्वेताव सिंह ,जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडे, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशु जैन, नायाब तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित रहे।

# वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन




» संवाददाता

बागपत। यादव महासभा बागपत एवं कृष्णा फाउंडेशन फॉर ऑल के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के हाईस्कूल व इंटर के मेधावियों के अलावा खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनोद कुमार यादव पूर्व चेयरमैन रेलवे बोर्ड ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम में वर्ष 2025 व 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सममानित किया गया। कृष्ण फाउंडेशन की ओर से बालैनी की कुमारी अनुष्का यादव पुत्री सुशील यादव को सीनियर स्टेट चैम्पियनशिप में पदक जीतने और जापान में होने वाले एशियन गेम के लिए क्वालीफाई करने पर10 लाख रूपये की धनराशि भेंट की। बलिया निवासी अनिल यादव को 6111 मीटर ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराने के लिए एक लाख 50 हजार रूपये की धनराशि भेंट की गई। इनके अलावा नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर तन्नु यादव, चिराग यादव, देवेश यादव, ध्रुव यादव, हार्दिक यादव, आईआईटी में जनित यादव को, भाला फेंक में स्वर्ण पदक प्राप्त करने व यश यादव को पावर लिटिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने छात्रों को नशे से दूर रहने और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य राज सिंह यादव व संचालन राजेंद्र यादव व विजयपाल यादव ने किया। राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में फाउडेंशन के अध्यक्ष राम मोहन यादव विशिष्ट अतिथि, वसान्था कुमार वासुदेव अतिथि विशिष्ट अतिथि, डा. सुषमा यादव, आनंद यादव, एडवोकेट विपिन यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# कनावनी के किसानों का धरना चौथे दिन भी जारी

» संवाददाता

गाजियाबाद। ग्राम कनावनी में जमीन के उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में किसान जुटे रहे और उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी जमीन का उचित और न्यायसंगत मुआवजा नहीं दिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

किसानों का आरोप है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण यानी जीडीए उनकी जमीन के मुआवजे के लिए किसी दूसरे गांव की दर लागू करने पर जोर दे रहा है। किसानों का कहना है कि जिस गांव की जमीन अधिग्रहित की जा रही है, उसी गांव के प्रचलित सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा निर्धारित किया जाना चाहिए। किसानों ने कहा कि कनावनी की जमीन का मूल्यांकन किसी दूसरे गांव की दर से किया जाना उनके साथ अन्याय होगा। इससे उन्हें अपनी जमीन का वास्तविक और उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। किसानों ने भूमि अधिग्रहण से जुड़े कानूनों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार उचित एवं न्यायसंगत मुआवजा दिए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि जमीन उनके लिए केवल संपत्ति नहीं, बल्कि उनकी आजीविका और भविष्य का आधार है।

## पार्क में अवैध निर्माण हटाने की मांग

» संवाददाता

गाजियाबाद। नंदग्राम एफ-ब्लॉक स्थित पार्क में अवैध निर्माण कर लिया। यह पार्क मुख्य रोड पर स्थित है। पार्क में दीवार कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसकी शिकायत निगम में की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई दिन से निर्माण किया जा रहा है। कुछ लोगों ने विरोध किया तो आरोपी झगड़ा करने लगे। लोगों ने निगम से अवैध निर्माण हटवाने की मांग की है।

## लोगों को कपड़े के थैले वितरित किए

» संवाददाता

गाजियाबाद। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ने सेव द प्लास्टिक मुहिम के तहत सोमवार को पुराना बस अड्डा सब्जी मंडी के बाहर लोगों को करीब दो हजार कपड़े के थैले वितरित किए। इसका उद्देश्य लोगों को सिंगल-यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित करना था। यह कार्य अंजुल गुप्ता, संदीप गोयल, पराग अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## दिव्यांग सेवा केंद्र में निशुल्क सेवाएं मिलेंगी

गाजियाबाद। गिरधरपुर स्थित राम विहार कॉलोनी में दिव्यांग सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र पर दिव्यांगों को सभी सेवाएं निशुल्क दी जाएंगी। केंद्र का शुभारंभ नमो दिव्यांग अभियान के राष्ट्रीय संयोजक विकास शर्मा और सक्षम संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. दयाल सिंह पंवार ने किया। इस दौरान आशुतोष, विजय,अनिमेष, नीतू, अलका, दिनेश, वीरपाल, कमला मौजूद रहे।

## छात्रों ने तिरंगा रैली निकाली

» संवाददाता

गाजियाबाद। वसुंधरा सेक्टर-14 स्थित अर्वाचीन पब्लिक स्कूल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को तिरंगा रैली निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ छात्रों ने लोगों को राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

# पारदर्शी वितरण में सरकार ने करके दिखाया

» संवाददाता

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार ने राशन विक्रेताओं को बड़ी राहत देते हुए उनके लाभांश में बढ़ोतरी की है। प्रदेश सरकार में मंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राशन विक्रेताओं की पुरानी मांग को पूरा करते हुए प्रति क्विंटल मिलने वाले लाभांश में 35 रुपये की वृद्धि की है। सुनील शर्मा मंत्री ने बताया कि प्रदेश के करीब 78 हजार राशन विक्रेताओं को इसका लाभ मिलेगा। अभी तक राशन विक्रेताओं को प्रति क्विंटल 90 रुपये लाभांश मिलता था, जिसे बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे राशन विक्रेताओं की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि राशन वितरण व्यवस्था को डिजिटल किए जाने के बाद इसमें पारदर्शिता बढ़ी है। पहले राशन की जमाखोरी और वितरण में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आती थीं, लेकिन डिजिटल व्यवस्था लागू होने से ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगी है।

मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य पात्र कार्डधारकों तक निर्धारित राशन पहुंचाना है और वर्तमान में वितरण प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है। कार्डधारक को मिलने वाले राशन का वह किस तरह उपयोग करता है, यह उसका व्यक्तिगत विषय है। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर मंत्री सुनील शर्मा ने दावा किया कि 2027 में भाजपा 2017 का रिकॉर्ड कायम करेगी। जेन-जी और सरकार के बीच बढ़ते जेनरेशन गैप के सवाल पर उन्होंने कहा कि पीढ़ियों के बीच अंतर हमेशा से रहा है। उन्होंने कहा कि युवा इसी समाज और परिवारों का हिस्सा हैं और मुख्यमंत्री ने जैनजी के लिए नई योजनाएं तथा नई नीतियां लाने की बात कही है। वंदे मातरम के मुद्दे पर मंत्री सुनील शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधा निशाना और उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासनकाल में वंदे मातरम के कुछ हिस्सों को हटाया गया था।

# धूमधाम से मनाया हरियाली तीज उत्सव



» संवाददाता

गाजियाबाद। हरियाली, सौहार्द और भारतीय संस्कृति के प्रतीक हरियाली तीज पर्व का आयोजन लोनी में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लोनी नगर पालिका चेयरमैन रंजीता धामा के नेतृत्व में लेखा फार्म हाउस, लोनी में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से तीज पर्व की खुशियां मनाईं।

कार्यक्रम स्थल पर तीज के पारंपरिक रंग, गीत-संगीत और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर रंजीता धामा ने सभी महिलाओं को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं। ऐसे आयोजनों से आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है।

कार्यक्रम में महिलाओं ने झूला, तीज गीत और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर उत्सव का आनंद लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। रंजीता धामा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में भी संस्कृति और समाज से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# टॉपखाना फुटबॉल क्लब ने जलवायु फुटबॉल अकादमी को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया

» संवाददाता



मेरठ। मेरठ फुटबॉल एसोसिएशन से पंजीकृत श्रीमती कृष्णा अग्रवाल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का सोमवार को जेपी एकेडमी फुटबॉल ग्राउंड में समापन हुआ। मेरठ स्पोर्टिंग फुटबॉल अकादमी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के अंडर-16 और अंडर-19 वर्ग में 16-16 टीमों ने प्रतिभाग किया।

अंडर-16 वर्ग के फाइनल में टॉपखाना फुटबॉल क्लब (TFC) ने जलवायु फुटबॉल अकादमी को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। TFC की ओर से अमन ने निर्णायक गोल किया। उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जबकि जलवायु एफसी के रोहित को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार मिला।

अंडर-19 वर्ग के फाइनल में इंटरनेशनल फुटबॉल अकादमी ने मेरठ स्पोर्टिंग फुटबॉल अकादमी को 1-0 से पराजित किया। विजेता टीम के वरिश ने शानदार फ्री-किक से निर्णायक गोल किया। मेरठ स्पोर्टिंग के आरव को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तथा इंटरनेशनल फुटबॉल अकादमी के रोहन को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में जेपी स्कूल के निदेशक डॉ. विशाल अग्रवाल, व्यापार मंडल भाजपा मेरठ के सह-संयोजक अमर शर्मा, राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव रिचा सिंह और मेरठ फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव ललित पंत मौजूद रहे। आयोजक सिद्धार्थ राठी, गौरव तोमर, सत्यम तोमर और आर्यन तोमर ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच देना है। फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से मैदान पर मौजूद दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## विपरीत परिस्थितियों में भी संयम और प्रभु आराधना से जुड़े रहें: सौरभ

» संवाददाता

मेरठ। जैन बोर्डिंग हाउस में आचार्य सौरभ सागर के सानिध्य में चातुर्मास वर्षायोग को लेकर जैन समाज में उत्साह है। बाहर से आने वाले धर्मानुरागियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरु भक्ति में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुवर की चरण वंदना कर आशीर्वाद लिया। गुरु भक्ति के बाद आचार्य सौरभ ने धर्म के संस्कारों को जीवन में स्थायी बनाने का संदेश देते हुए कहा कि केवल जिनवाणी सुनना या धर्मग्रंथ पढ़ना पर्याप्त नहीं, बल्कि हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह और विषय कषायों से दूर रहकर धर्म को आचरण में उतारना आवश्यक है। पुण्य पाप के प्रभाव को समझाते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी संयम और प्रभु आराधना से जुड़े रहने का आह्वान किया। सुरेश जैन रितुराज ने बताया कि 19 अगस्त को मोक्ष सप्तमी के अवसर पर जैन धर्मशाला, रेलवे रोड पर पार्श्वनाथ निर्वाण महामहोत्सव आयोजित होगा। इसके लिए श्री सम्मेद शिखर की भव्य कृत्रिम रचना तैयार की जा रही है, जहां श्रद्धालु 24 टोंकों पर निर्वाण लाडू समर्पित करेंगे।

## हस्तिनापुर टाईगर और रिठानी रॉयल्स ने जीते मैच



» संवाददाता

मेरठ। गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में सामवार से स्पॉर्ट्स फॉस स्कूल के तहत अंडर 14 वर्ग में ट्रायल मैच की शुरूआत हुई। इस दौरान दो मैच हुए। इसमें हस्तिनापुर टाईगर और रिठानी रॉयल्स की टीम ने मैच जीते। हस्तिनापुर टाईगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। इसमें आदिल ने 38, अभिषेक ने 37 रन बनाए। गेंदबाजी में आविक ने 4 विकेट, लक्ष्य ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मवाना सुपर किंग्स की टीम 17 ओवर में 135 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से लक्ष्य ने 36, धैर्य ने 34 रन बनाए। गेंदबाजी में परमजीत ने 6 विकेट लिए। युग ने तीन विकेट लिए। दूसरे मैच में सरूरपुर केसरिया टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाए। इसमें मनन ने 40, अक्ष ने 39, शिवा ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी में आर्यन ने दो, संचित ने दो, विवेक ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिठानी रॉयल्स की टीम ने 18.5 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाकर 3 विकेट से मैच जीता।

## टीम में जगह बनाने के लिए क्रिकेटरों ने बहाया पसीना

» संवाददाता

मेरठ। स्पोर्ट्स फॉर स्कूल फेडरेशन की ओर से होने वाली उत्तर प्रदेश स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए सोमवार को मेरठ में क्रिकेटरों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ऋषभ क्रिकेट एकेडमी में आयोजित ट्रायल में अंडर-19 पुरुष तथा अंडर-17 और अंडर-19 महिला वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। करीब 85 क्रिकेटरों ने ट्रायल में भाग लिया। फेडरेशन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह और क्रिकेट कोच अतहर अली ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों के विभिन्न जिलों में खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल हो रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रदेश की आठ टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें वेस्ट यूपी, पूर्वांचल पैंथर, रुहेलखंड, अवध लायंस, बुंदेलखंड टाइगर, ब्रज केसरिया, संगम सुपर किंग्स और सरयू स्ट्राइकर्स शामिल हैं।

वेस्ट यूपी टीम के लिए मेरठ और सहारनपुर मंडल के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिसके चलते ऋषभ एकेडमी और गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में ट्रायल चल रहे हैं।पुरुष वर्ग में अंडर-14 और अंडर-17 के ट्रायल पूरे हो चुके हैं। सोमवार को अंडर-19 पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों ने चयन में हिस्सा लिया। इस वर्ग में करीब 75 क्रिकेटर मैदान पर उतरे। महिला वर्ग में अंडर-17 और अंडर-19 खिलाड़ियों के ट्रायल भी हुए।

## कृषि विवि में प्लेसमेंट ड्राइव, आठ छात्रों का चयन

» संवाददाता

मेरठ। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को कर्नाटका एग्रोकेमिकल्स, बेंगलुरु की ओर से विशेष प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त के निर्देशन में आयोजित ड्राइव में 17 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से कंपनी ने आठ छात्रों का चयन किया। कंपनी के एचआर हेड डॉ. आसिफ अली ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि कर्नाटका एग्रोकेमिकल्स फर्टिलाइजर, बीज, ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों के क्षेत्र में कार्य कर रही है। कंपनी अपने कई उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्यात भी करती है, जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों से संवाद का अवसर मिला है और चयनित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने का अवसर दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय के निदेशक ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ. आरएस सेंगर ने बताया कि चयनित आठ छात्रों को कंपनी की प्रशासनिक स्वीकृति के बाद नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुलपति के निर्देशन में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. सत्यप्रकाश ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने रखा।

## टीएफसी और आईएफ अकादमी बने चैंपियन

» संवाददाता

मेरठ। जेपी एकेडमी फुटबॉल ग्राउंड पर सोमवार को कृष्णा अग्रवाल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का सोमवार को समापन हो गया। मेरठ स्पोर्टिंग फुटबॉल एकेडमी की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में अंडर-16 और अंडर-19 आयु वर्ग में 16-16 टीमों ने प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर-16 वर्ग के फाइनल में टीएफसी (तोपखाना फुटबॉल क्लब) और जलवायु फुटबॉल एकेडमी के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टीएफसी के अमन ने निर्णायक गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 से जीत दिलाई।

## खेल महोत्सव-2026 में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

» संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर पंख हौसलों की उड़ान संस्था के तत्वावधान में द्वितीय खेल महोत्सव-2026 का शुभारंभ बालेराम ब्रजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर, डी-ब्लॉक शास्त्रीनगर में हुआ। आयोजन का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देने के साथ बच्चों और युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखते हुए खेलों से जोड़ना है।

महोत्सव में रस्साकसी प्रतियोगिता के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों में बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालक वर्ग के तीनों आयु वर्गों में PGM इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में तीनों आयु वर्गों में PSD स्कूल, किठौर विजेता रहा।

बैडमिंटन प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 बालक सिंगल्स में पर्णव, बालिका वर्ग में अविका, अंडर-17 बालक वर्ग में कुशाग्र और बालिका वर्ग में आशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालक सिंगल्स में कुशाग्र तथा बालिका वर्ग में दिव्यांशी विजेता रहीं। डबल्स मुकाबलों में अंडर-14 बालक वर्ग में अंश- अबीर, अंडर-17 में यश-संयम और अंडर-19 में शौर्य-अथर्वराज की जोड़ी ने बाजी मारी। आयोजकों ने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।

# पांच-डे बैंकिंग और पेंशन अपडेट की मांग, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

» संवाददाता




मेरठ। उत्तर प्रदेश बैंक वर्कर्स ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त आह्वान पर सोमवार को चौधरी चरण सिंह पार्क, कचहरी में बैंक कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, पेंशन अपडेट करने और ग्रेच्युटी की सीमा बढ़ाने समेत विभिन्न मांगें उठाईं।

संगठन के महामंत्री अनुज त्यागी ने कहा कि बैंक कर्मचारी लंबे समय से पांच-डे बैंकिंग व्यवस्था लागू करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि डिजिटल बैंकिंग और तकनीकी सुविधाओं के विस्तार के बावजूद कर्मचारियों पर काम का दबाव बना हुआ है। पांच दिवसीय बैंकिंग से कर्मचारियों को बेहतर कार्य-जीवन संतुलन मिल सकेगा।

प्रदर्शनकारियों ने बैंक कर्मचारियों की पेंशन अपडेट करने और ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 40 लाख रुपये करने की मांग भी उठाई। साथ ही श्रमिक हितों से जुड़े कानूनों में आवश्यक सुधार किए जाने की मांग की गई। बैंक कर्मचारी नेताओं ने कहा कि पिछले वेतन समझौते के दौरान पांच-डे बैंकिंग की मांग पर केंद्र सरकार की ओर से सैद्धांतिक सहमति की बात सामने आई थी, लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया गया। कर्मचारियों ने सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग की।

प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश बैंक वर्कर्स ऑर्गनाइजेशन, नेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ बैंक ऑफिसर्स, कोऑपरेटिव बैंक यूनियन, ग्रामीण बैंक यूनियन और नेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ बैंक वर्कर्स से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## सांस्कृतिक और दार्शनिक परंपराओं को मिले स्थान

» संवाददाता

मेरठ। नए मौलिक अधिकार, स्वायत्तता, कानूनी क्षमता और सामाजिक, श्रम एवं डिजिटल समावेश के लिए व्यापक नीतियां' विषय पर हुए सम्मेलन में सांस्कृतिक एवं दार्शनिक परंपराओं को स्थान देने पर जोर दिया गया है। सीसीएसयू कैंपस में विधि अध्ययन संस्थान के समन्वयक डॉ.विवेक कुमार त्यागी ने बुजुर्गों को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने के लिए विश्व सम्मेलन में यह बात कही। डॉ.विवेक ने 'धर्म मीट्स राइट्सः हिंदू फिलॉसॉफिकल फाउंडेशन्स फॉर ए ग्लोबल चार्टर ऑफ ओल्डर एडल्ट्स ऑटोनॉमी, लीगल कैपेसिटी, एंड इंक्लूसिव डिजिटल फ्यूचर्स' शीर्षक पर अपनी बात रखी।

# एसआईआर के तहत दावों एवं आपत्तियों की प्रगति की समीक्षा

## नोटिस जारी करने और सुनवाई की प्रक्रिया समानांतर रूप से चलाने पर दिया जोर

» एजेंसी। गुरुग्राम

विधानसभा पटौदी के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम दिनेश लुहाच ने सोमवार को उपमंडल कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत दावों एवं आपत्तियों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी तथा संबंधित सुपरवाइजर मौजूद रहे।

एसडीएम दिनेश लुहाच ने अधिकारियों से अब तक प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की स्थिति, उनके सत्यापन तथा निस्तारण की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्रवार लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर से संबंधित सभी कार्य निर्धारित प्रक्रिया एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी गंभीरता के साथ किए जाएं। एसडीएम दिनेश लुहाच ने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि दावों एवं आपत्तियों के मामलों में नोटिस देने तथा सुनवाई की प्रक्रिया समानांतर रूप से चले, ताकि मामलों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो।

उन्होंने कहा कि नोटिस जारी होने के बाद संबंधित मामले की सुनवाई की कार्रवाई निर्धारित समय-सीमा के भीतर आगे बढ़ाई जाए और प्रत्येक मामले की नियमित रूप से निगरानी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का आवश्यक दस्तावेजों और उपलब्ध रिकॉर्ड्स के आधार पर नियमानुसार सत्यापन किया जाए तथा पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र मामलों पर नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से पूरी की जाए।




एसडीएम ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, नवीनतम एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक दावे एवं आपत्ति का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिए और साथ ही मतदाता सूची की शुद्धता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए प्राप्त आपत्तियों पर भी गंभीरता से कार्रवाई की जाए।

एसडीएम ने सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र की प्रगति पर लगातार नजर रखें, लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाएं तथा एसआईआर से संबंधित रिकॉर्ड एवं कार्रवाई का व्यवस्थित रूप से रख रखाव सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और निर्धारित समय-सीमा का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।



### शहीद मदनलाल ढींगरा का बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा: चौपड़ा

» एजेंसी। सिरसा

भाजपा नेता एवं नागरिक परिषद के अध्यक्ष जगदीश चोपड़ा ने कहा कि शहीद मदनलाल ढींगरा का बलिदान देश कभी भुला नहीं सकता। मात्र 25 वर्ष की आयु में मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले मदनलाल ढींगरा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारियों में शामिल हैं। जगदीश चोपड़ा सोमवार को सिरसा में शहीद मदन लाल ढींगरा के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शहीद मदन लाल ढींगरा चौक पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने शहीद मदनलाल ढींगरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश की स्वतंत्रता के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। जगदीश चोपड़ा ने कहा कि 1 जुलाई 1909 को लंदन में मदनलाल ढींगरा ने ब्रिटिश अधिकारी सर विलियम हट कर्जन वायली की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### विद्यार्थी ऑन द स्पॉट ले सकेंगे दाखिले

» एजेंसी। सोहना

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चौथे चरण में दाखिले शुरू हो गए हैं। विद्यार्थी सभी ट्रेडों में ऑन द स्पॉट दाखिले ले सकेंगे। इसके लिए संस्थान ने अलग दाखिला कमेटी गठित कर दी है। यह समिति दस्तावेजों की जांच कर दाखिले को मंजूरी देगी। आईटीआई की प्रिंसिपल सोनिका तक्षक ने बताया कि चौथे चरण के दाखिले ऑन द स्पॉट किए जाएंगे। ऑनलाइन दाखिले की प्रक्रिया को रद्द के दिया गया है।

### 21 अगस्त को होगी विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता

» एजेंसी। गुरुग्राम

उत्तरी भारत विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता 2026-27 के तहत 21 अगस्त को जिले के सभी ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 9 बजे शुरू होगी। इसमें कक्षा 6 से 10वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता का मुख्य विषय समाज और विज्ञान रखा गया है।

### शिविर में 350 महिलाओं ने कराई जांच

» एजेंसी। गुरुग्राम

रोटरी क्लब ऑफ न्यू गुरुग्राम की ओर से सेक्टर-92 स्थित बेस्टेक संस्कृति सोसाइटी में महिलाओं के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 350 महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

# विकास योजना 2041 को लेकर डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी की बैठक

» एजेंसी। कैथल

गुहला-चीका शहर के लिए डी-प्लान 2041 को लेकर सोमवार को सुबह लघु सचिवालय स्थित सभागार में डीसी अपराजिता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में पिछली बैठक में जारी निर्देशों के अनुसार विभिन्न विभागों द्वारा दिए गए सुझावों पर चर्चा की गई। डीसी अपराजिता ने निर्देश दिए कि वे गुहला-चीका के डी-प्लान में बाढ़ से बचाव के लिए मजबूत प्लानिंग बनाएं। इसके लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों से भी तालमेल किया जाए। डीटीपी ने समिति के समक्ष बैठक में बताया कि वर्ष 2041 तक के डी-प्लान के बारे में बताया कि एक दिसंबर 2011 को गुहला-चीका का अतिरिक्त कंट्रोल एरिया घोषित हुआ था। अब जो डी-प्लान तैयार किया गया है, उसके लिए सरकार ने 26 अप्रैल 2025 को अनुमति दी है। जिसे अब जिला स्तरीय समिति में स्वीकृति दी जानी है।




उन्होंने बताया कि इस प्लान में करीब एक लाख 75 हजार जनसंख्या के लिए योजना तैयार की गई है। जिसमें मौजूदा 40 हेक्टेयर के अलावा कुल 1540 हेक्टेयर एरिया प्रस्तावित है। इस एरिया में 680 हेक्टेयर रिहायशी क्षेत्र, 76 हेक्टेयर कमर्शियल, 132 हेक्टेयर इंडस्ट्रियल, ट्रांसपोर्ट एवं कम्युनिकेशन के लिए 154 हेक्टेयर, पब्लिक एवं सेमी पब्लिक के लिए 184 हेक्टेयर में एरिया प्रस्तावित है। पब्लिक यूटिलिटी के लिए 181 हेक्टेयर, साथ ही 193 हेक्टेयर खाली एरिया रखा गया है। इस एरिया में नगर पालिका क्षेत्र में 1451 हेक्टेयर और 49 हेक्टेयर कंट्रोल एरिया से लिया गया है। इसके अलावा कुल 18 सेक्टर प्रस्तावित हैं। इसमें से 11 सेक्टर रिहायशी हैं। नए सुझावों में नए बनने वाले बाईपास को शामिल किया गया है, जिसमें दोनों ओर ग्रीन बेल्ट की भी प्लानिंग की गई है। डीसी अपराजिता ने विकास योजना में उद्योग, सार्वजनिक उपयोग के लिए जगहों सहित विभिन्न प्वाइंट पर डीटीपी को आवश्यक निर्देश दिए।

### -51 हजार रुपये की कुश्ती जीती, छोरियों ने भी गाड़े झंडे

» एजेंसी। पटौदी

सर्व समाज भोडाकलां के तत्वावधान में तीज महोत्सव के अवसर पर शहीद ऋषिपाल सिंह चौहान पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इसमें पुरुष व महिला पहलवानों ने अपनी शक्ति, तकनीक एवं दांव-पेच का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान दंगल में जितेंद्र पहलवान की जीत हुई। कुश्ती दंगल में दिल्ली सहित राज्यभर से लगभग 150 पुरुष पहलवान व 80 महिला पहलवानों ने पहुंचकर कुश्ती दंगल में हिस्सा लिया। पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए बेहतरीन दांव लगाए। ग्राम सरपंच मनबीर चौहान ने बताया कि कुश्ती दंगल में महिला कुश्ती 1100 रुपये से शुरू हुई और 51 हजार रुपये की फाइनल कुश्ती रही। पुरुष पहलवानों की कुश्ती 100 रुपये से शुरू होकर फाइनल एक लाख रुपये पर समाप्त हुई। इस मौके पर पुरुष पहलवानों की फाइनल एक लाख रुपये की कुश्ती में रोहित पहलवान लाडपुर अखाड़ा व निशांत बामडोली अखाड़े के बीच हुई। इसमें दोनों पहलवान बराबरी पर रहे।

# नशा मुक्त हो जिला अभियान तहत जिला वासी करें सहयोग : एसपी

» एजेंसी। कैथल

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए कैथल पुलिस द्वारा आमजन को राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस-1933 के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नशा तस्करी अथवा नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर साझा करें और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग दें। एसपी ने बताया कि मानस हेल्पलाइन 24 घंटे उपलब्ध है। इस पर नशे की तस्करी, बिक्री, सेवन तथा इससे जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान को गोपनीय रखा जाएगा। प्राप्त सूचनाओं पर कैथल पुलिस द्वारा नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मानस हेल्पलाइन केवल नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि नशे की गिरफ्त में आए लोगों को काउंसलिंग, उपचार एवं पुनर्वास संबंधी सहायता उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके माध्यम से नशे से प्रभावित व्यक्ति एवं उसके परिवार को उचित मार्गदर्शन प्राप्त करने में मदद मिलेगी। एसपी सूदन ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में केवल तस्करों पर कार्रवाई करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नशे की गिरफ्त में आए लोगों को मुख्यधारा में वापस लाना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने युवाओं और अभिभावकों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे की समस्या से जूझ रहा है तो उसे मदद और काउंसलिंग के लिए उचित मार्गदर्शन दिलाएं। एसपी ने कहा कि कैथल पुलिस द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लगातार स्कूलों, गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### नींद की झपकी से खंभे से टकराई कार, आग में जली गाड़ी

» एजेंसी। फरीदाबाद

फरीदाबाद में सोमवार अलसुबह नींद की झपकी आने से एक टैक्सी चालक की कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। कार का दरवाजा बंद हो जाने के कारण चालक अंदर फंस गया, लेकिन समय रहते एक बाइक सवार ने शीशा तोड़कर उसे बाहर निकाल लिया। हादसे में चालक की जान बाल-बाल बची, जबकि कार पूरी तरह जल गई। टैक्सी चालक विपिन ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली से सेक्टर-35 में एक सवारी को छोड़कर अशोका एन्क्लेव स्थित अपने घर लौट रहा था। रात में पर्याप्त नींद नहीं लेने के कारण सेक्टर-35 से सराय ख्वाजा की ओर जाने वाले मोड़ पर अचानक उसे झपकी आ गई। इससे कार का संतुलन बिगड़ गया और वह बिजली के खंभे से जा टकराई टक्कर के बाद कार के अगले हिस्से से धुआं निकलने लगा और तारों में चिंगारी उठने के कुछ ही देर बाद आग फैल गई।

### होडल में आन-बान-शान से निकाली गई तिरंगा यात्रा

» एजेंसी। पलवल

भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा' और 'वंदे मातरम्' अभियान के तहत सोमवार को होडल में जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली गई। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर सती सरोवर तक पहुंची यात्रा में हजारों लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

होडल के विधायक एवं यात्रा के संयोजक हरेंद्र सिंह ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया। उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह छिल्लर, पूर्व मंत्री हर्ष कुमार, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक मंगला, पूर्व चेयरमैन जगमोहन गोयल सहित प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पूर्व सैनिकों, सरपंचों, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों ने भी तिरंगा लेकर यात्रा में भाग लिया। बंचारी की नगाड़ा पार्टी ने देशभक्ति के जोश से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। विधायक हरेंद्र सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान तथा त्याग, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल नारों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने और देश की प्रगति में योगदान देने से सच्चा राष्ट्रप्रेम प्रकट होता है।

उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने कहा कि पलवल की धरती वीरता, देशभक्ति और सामाजिक एकता के लिए जानी जाती है। तिरंगा यात्रा ने इस गौरवशाली परंपरा को और मजबूत किया है। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का आह्वान किया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह    आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844